अखिल बिस्व यह मोर उपाया । सब पर मोहि बराबरि दाया ।।
सब मम प्रिय सब मम उपजाए । सब ते अधिक मनुज मोहि भाए ।।

सांध्य दैनिक

| Ram Katha 940 – मानस वसुधैवकुटुम्बकम || New Yark(UNO) अमेरिका || ॐमोरारी बापू

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 24 | इंदौर, सोमवार 05 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# नर्मदा में उफान, खतरे के निशान से 13फीट दूर पानी

## बरगी, बारना और तवा के गेट खोलने से 10 फीट पानी बढ़ने की संभावना




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम**। मप्र में जबलपुर, मंडला, रायसेन, पचमढ़ी, बैतूल में हो रही लगातार बारिश से डैमो से पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे नर्मदा नदी उफान पर बह रही है। नर्मदापुरम में नर्मदा नदी का जलस्तर सामान्य से 20फीट ऊपर है। खतरे के निशान से फिलहाल 13फीट नीचे है। लेकिन सोमवार को जलस्तर 960फीट तक बढ़ने की संभावना है।

नर्मदा नदी के ऊपरी क्षेत्र भारी बारिश के कारण रविवार को नर्मदा नदी मंडला में खतरे के निशान से ऊपर बही। जिस कारण बरगी जलाशय से 3 अगस्त शाम 5 बजे 13गेटों से 77000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। साथ ही तवा जलाशय से 4 अगस्त 2024 को शाम 4 बजे 112000 क्यूसेक पानी और बारना जलाशय से रविवार शाम 5 बजे 20,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इन तीनों जलाशय का कुल डिस्चार्ज 5 अगस्त 2024 को सुबह 7,8 बजे सेठानी घाट पर पहुंचने की संभावना है। जिससे सेठानी घाट का जलस्तर 956 फीट से 960 फीट तक पहुंचने की संभावना है। सेठानी घाट पर नर्मदा का जलस्तर 964 फीट पहुंचने पर अलार्म बजता है और 967 फीट खतरें का निशान है।नदी में तेजी से बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने नर्मदा नदी के घाटों से दूरी बनाए रखने की लोगों से अपील की। रात में सिटी मजिस्ट्रेट असवनराम चिरामन, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे सेठानी घाट पर 12बजे तक जलस्तर पर नजर बनाए रखें रहे।

### रात में बरगी के 17 गेट किए, तवा के कम किए

बरगी डैम के रात 11 बजे 13 गेट से बढ़ाकर 17गेट कर दिए गए। जिससे 184735 क्यूसेक पानी कर दिया गया। तवा डैम के जो पहले 7गेट 10-10फीट तक खुले थे। उसे रात 11बजे 7-7फीट कर दिए गए। सोमवार सुबह 6बजे इन गेटों की ऊंचाई 4फीट कर दी गई। जिससे 45697क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

### 13 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

मध्यप्रदेश में बारिश से छोटी-बड़ी नदियां उफान पर हैं। बरगी, बाणसागर जैसे 10 बड़े बांध छलक उठे हैं। शिवपुरी में सिंध नदी में उफान आने से टापू पर 18 लोग फंस गए हैं। पुलिस के साथ एसडीईआरएफ की टीम को रेस्क्यू में जुटी है। हरदा में रविवार रात जर्जर मकान की दीवार ढह गई। हालांकि इसमें जनहानि नहीं हुई। भोपाल में सुबह बारिश हुई। छिंदवाड़ा में रविवार को कट्टा नदी में बहे युवक की तलाश दूसरे दिन भी जारी है। जबलपुर में बरगी बांध 94 प्रतिशत भर चुका है। ऐसे में सोमवार दोपहर तीन गेट और खोले जा सकते हैं। नर्मदापुरम में भी नर्मदा का जलस्तर सामान्य से 20 फीट ऊपर है। फिलहाल, नर्मदा खतरे के निशान से 13 फीट नीचे बह रही है। सोमवार को जलस्तर बढ़ने की संभावना है। उत्तराखंड में केदारनाथ की यात्रा पर गए धार के 6 यात्रियों का रेस्क्यू कर लिया गया। उन्होंने सेना के हेलिकॉप्टर की मदद से सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। इधर, मौसम विभाग ने सोमवार को भी इंदौर, उज्जैन, सागर, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के 13 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में डेढ़ महीने के अंदर 23.3 इंच बारिश हो चुकी है यानी सीजन के कोटे का 62% पानी गिर चुका है। मौसम विभाग, भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह के मुताबिक, लो प्रेशर एरिया, मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से एमपी में भारी बारिश का दौर चल रहा है।

# ऋषिकेश से अंतिम संस्कार कर लौट रहे परिवार की कार ट्रक से टकराई

## चार लोगों की मौत, छह घायल



**रतलाम। रतलाम जिले के आलोट क्षेत्र के निवासी ऋषिकेश से अंतिम संस्कार कर लौट रहे थे। इसी दौरान राजस्थान के सवाई माधोपुर के निकट दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर इनकी कार ट्रक से जा टकराई, जिससे रतलाम के चार लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कार चालक को झपकी लगने से यह हादसा हुआ है. वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। आज विक्रमगढ़ में अंतिम संस्कार किया जाएगा।**

जानकारी के अनुसार रतलाम जिले के आलोट थाना क्षेत्र के विक्रमगढ़ के ग्रामीणों ने मिलकर ऋषिकेश में कथा का आयोजन करवाया था। कथावाचक के साथ भोली बाई पति रमेश प्रजापत 26 जुलाई को भागवत कथा सुनने ऋषिकेश गई थी। वहां 2 अगस्त को भोली बाई की साइलेंट अटैक से मौत हो गई। इसकी सूचना के बाद परिजन कार से ऋषिकेश पहुंचे और भोलीबाई के शव को विक्रमगढ़ लाने की बजाय ऋषिकेश में ही अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया और 3 अगस्त को अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के बाद रविवार को परिवार के लोग घर लोट रहे थे। इसी दौरान राजस्थान के सवाई माधोपुर के निकट दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह 7 बजे कार चालक को झपकी लगी और चालक कार से कंट्रोल को बैठा. जिससे कार आगे जा रहे ट्रक के पीछे जा घुसी।

हादसे में कार सवार सवार मोनिका पिता कचरूलाल प्रजापत उम्र 24 वर्ष, राजन पिता कचरूलाल प्रजापत उम्र 22 वर्ष, रेखा पति ईश्वर लाल प्रजापत उम्र 42 वर्ष और धापू देवी पति हीरालाल प्रजापत उम्र 65 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पायल कमलेश प्रजापत उम्र 26 वर्ष, कृष्णा पति कचरूलाल प्रजापत उम्र 40 वर्ष, बुलबुल पिता कचरूलाल प्रजापत उम्र 22 वर्ष, ज्योति पति अर्जुन प्रजापत उम्र 37 वर्ष, अनिता पिता अर्जुन उम्र 1 वर्ष और शकील खान पिता नबीखान उम्र 24 वर्ष घायल हो गए। जिन्हें सवाई माधोपुर के शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मृतकों में मोनिका और राजन भाई-बहन थे तथा धापू देवी और रेखा मां-बेटी थे। हादसे की खबर सुनते ही गांव में मातम पसरा गया। परिजनों ने बताया कि 5 अगस्त को विक्रमगढ़ के मुक्तिधाम पर सभी का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# शिवलिंग को ईंट-सीमेंट से चुनवाया, रेलिंग में फैलाया करंट, तीन महिलाओं पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। ग्वालियर शहर के सिटी सेंटर में तीन सनकी महिलाओं ने एक मंदिर में शिवलिंग को ईंट और सीमेंट से चुनवा दिया। इतना ही नहीं शिवलिंग के आसपास लगी रेलिंग में करंट फैला दिया गया, ताकि कोई वहां जा नहीं सके। सुबह लोग मंदिर पहुंचे तो शिवलिंग का यह हाल देखकर वहां तनाव फैल गया। लोगों ने जब जानकारी निकाली तो पता लगा कि पास ही राजीव आवास मल्टी में रहने वाली तीन महिलाओं ने यह किया है। जब वहां लोग पहुंचे तो पता लगा कि कृष्णा नाम की महिला को शिवजी ने रात को सपना दिया था जिसमें अपनी पिंडी को बढ़ा करने के लिए कहा था। इसके बाद तीनों महिलाओं ने शिवलिंग को ईंट और सीमेंट से चुनवा दिया। हंगामा व तनाव की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों महिलाओं के खिलाफ ममला दर्ज कर दो को हिरासत में ले लिया है।

**इंदौर में हरियाली अमावस्या पर**

# ब्रिज के लिए पंद्रह से ज्यादा पेड़ों की बलि



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर ने हाल ही में एक साथ 12 लाख पौधे रोपे जाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया, लेकिन हरियाली लगातार कम हो रही है। जो पेड़ वर्षों में फल-फूल कर बड़े हुए, उन्हें विकास में बाधा मानकर तोड़ा जा रहा है। हरियाली अमावस्या पर रविवार को इंदौर के पुराने एबी रोड पर स्थित सत्यसांई चौराहे के समीप हरे-भरे पंद्रह पेड़ काट दिए गए।यहां मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम छह लेन ब्रिज बना रहा है। इसकी जद में आ रहे पेड़ों को काटने का काम शुरू हुआ है। पेड़ों को काटने की अनुमति नगर निगम ने ही दी थी।**

## 10 साल पहले लगाए थे पौधे

10 साल पहले बीआरटीएस निर्माण के समय पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप कदम, अशोक, बादाम के पौधे लगाए गए थे, जो काफी बड़े हो गए थे। इन पेड़ों को रविवार को काट दिया गया। ग्रीन बेल्ट से हरियाली गायब होने के बाद रहवासियों को वह हिस्सा सूना लग रहा है। उनका कहना था कि अफसरों को पहले प्लान कर पेड़ लगाना चाहिए, ताकि बड़े होने पर उन्हें काटने की नौबत न आए।

## साल भर में 4000 से ज्यादा पेड़ काटे

इस साल इंदौर में 4000 से ज्यादा पेड़ सड़कों के आसपास से हटाए गए। निजी परिसरों से हटाए गए पेड़ों की संख्या हजारों में है। इंदौर के विजय नगर चौराहा, एमओजी लाइन, रामबाग, एमआर-10, खजराना क्षेत्र से इस साल चार हजार से ज्यादा पेड़ काटे जा चुके हैं। अब हुकमचंद मिल परिसर से भी हजारों पेड़ हटाने की तैयारी हो रही है। शहर में इस साल जो पौधे लगे हैं। उन्हें हरा भरा होने में काफी समय लगेगा, लेकिन अभी हरियाली कम हो रही है। शहर के मास्टर प्लान में हरियाली का प्रतिशत 14 है, लेकिन वास्तविकता में आठ प्रतिशत हरियाली है। ग्रीन बेल्ट के कई हिस्सों में अवैध बसाहट हो चुकी है।

# राज्य स्तरीय निशानेबाजी चैंपियनशिप का शुभारंभ

**इंदौर। आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट महू की शूटिंग रेंज में 4 अगस्त को राज्य स्तरीय निशानेबाजी चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। मध्य प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 27वीं राज्य स्तरीय निशानेबाजी, 14वीं राज्य स्तरीय शॉटगन निशानेबाजी और 20वीं इंटर स्कूल निशानेबाजी चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। यह आयोजन निशानेबाजी के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।**



कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर पुष्यमित्र भार्गव और मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष विधायक रमेश मेंदोला ने निशानेबाजी करके किया। इस आयोजन में मेंदोला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, "निशानेबाजी केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। हमारे युवा खिलाड़ी इसमें भाग लेकर न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि प्रदेश का गौरव भी बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, "इस तरह के आयोजनों से हमें नए उभरते हुए निशानेबाज मिलते हैं, जो भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे युवा खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा और मेहनत से सभी का दिल जीतेंगे। इस तरह के आयोजनों से निशानेबाजी के क्षेत्र में नए आयाम खुलेंगे और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। यह चैंपियनशिप निशानेबाजों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और भविष्य में इस क्षेत्र में और अधिक विकास की उम्मीद की जा सकती है।

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन इंदौर ने की महापौर से मुलाकात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को शहर के प्रथम नागरिक पुष्यमित्र भार्गव महापौर से मुलाकात कर ट्रांसपोर्ट नगर की समस्याओं पर चर्चा कर समाधान करने का निवेदन किया। इस पर महापौर ने तुरंत अधिकारियों को फोन लगाकर ट्रांसपोर्ट नगर का अतिक्रमण हटाने और जल जमाव की निकासी करने की व्यवस्था एवं गड्ढे तुरंत भरने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर की बची हुई रोड बनाने के लिए टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सीएल मुकाती, महासचिव पवन शर्मा, सचिव मोहित ढाभी, उपाध्यक्ष सुनील पांचाल, हरपाल होरा, गोपाल जायसवाल, बंटी छाबड़ा, हेमंत भार्गव, राधेश्याम जायसवाल शामिल थे।

# अष्टदिवसीय सामूहिक महारुद्राभिषेक के लिए किया गया भूमिपूजन

**151 पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए नार्मदीय ब्राह्मण समाजजन सिर पर रखकर लाए मिट्टी**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मां नर्मदा सांस्कृतिक पारमार्थिक न्यास नार्मदीय ब्राह्मण समाज क्षेत्र क्रमांक 2 द्वारा इस वर्ष भी भगवान महादेव का महारुद्राभिषेक आचार्य पं. मधुसूदन उपाध्याय एवं पं. नवीन उपाध्याय के सान्निध्य व आशीर्वचनों से किया जा रहा है। इस अष्ट दिवसीय भव्य महारुद्राभिषेक के प्रथम दिवस भूमिपूजन किया गया और पार्थिव शिवलिंग के लिए समाजजन, जिनमें मातृशक्तियां भी शामिल थीं अपने सिर पर रखकर मिट्टी लेकर आए। आठ दिनी महारुद्राभिषेक में प्रथम दिवस 5 अगस्त सोमवार को आश्लेषा नक्षत्र में नंदानगर में पृथ्वी पूजन एवं ध्वज पूजन किया गया और पवित्र मिट्टी मातृशक्तियों व पुरूषों द्वारा अपने सिर पर रखकर लाई गई। इस मिट्टी से पर्यावरण मित्र और मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने व उनके निर्माण का प्रशिक्षण देने लिए ख्यात शिल्पकार पं. देवेंद्र अत्रे द्वारा अपने निवास पर 151 पार्थिव शिवलिंग के साथ ही भगवान गणेशजी, माता गौरी और भगवान कार्तिकेय बनाएंगे। इस अवसर पर पं. सुनील शर्मा (सकरगाए) पं. अखिल गुहा, प कृष्णकांत चाद्रायन पं शरदचंद्र साकल्ले पं. संजय टेमले, पं. सतीश नेगी प. सचिन जोशी, पं. सुभाष चौरे, पं. संजय शर्मा, पं. जयेश खले सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। विद्वान आचार्यों व पंडितों के द्वारा अष्ट दिवसीय सामूहिक महारुद्राभिषेक कराया जाएगा, जिसकी तैयारी समाजजनों के सहयोग से की जा रही है।

# शिवाय मातृशक्ति संगठन द्वारा भव्य कावड़ यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शिवाय मातृशक्ति संगठन ने लगातार तीसरी बार भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा की संयोजिका शिवानी संजय अड़सपुरकर ने बताया कि देश, धर्म एवं सनातन संस्कृति की रक्षा, जनजागृति, और आज की युवा पीढ़ी को सनातनी संस्कृति के प्रति चेतना बढ़ाने तथा नशामुक्त जीवन यापन करने की प्रेरणा देना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राजेंद्र नगर से हजारों महिलाएं कावड़ उठाकर अन्नपूर्णा मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंची। इस यात्रा में धार्मिक मनमोहक झांकियां, बैंड-बाजे, ऊंट, घोड़े, बग्गी, ढोल ताशे और डीजे को भी शामिल किया गया। धार्मिक भजनों की धुन पर सभी को साथ लेकर यह कावड़ यात्रा पूर्ण भक्तिमय वातावरण में आयोजित की गई। इस पवित्र श्रावण मास में देवों के देव महादेव से देश-प्रदेश में सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की गई।

# 900 से अधिक विद्यार्थियों ने ली नशा मुक्त रहने की शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सायबर पाठशाला के साथ विद्यार्थियों ने नशामुक्त रहने की शपथ भी ली। 12वीं से 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों को इंदौर पुलिस ने सीख दी। क्षत्रिय राजपूत कलमकार संघ के साथ MKVV SCHOOL में इंदौर पुलिस सब इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच इंदौर के शिवम् ठक्कर, ASI गयेन्द्र यादव, क्षत्रिय राजपूत कलमकार संघ के सचिव सुनील सिंह शेखावत विद्यालय में विद्यार्थियों से रूबरू हुए । विद्यालय डायरेक्टर विपिन तिवारी ने अतिथियों का स्वागत कर विद्यालय का परिचय कराया। शिवम ठक्कर ने सायबर अपराध से बचने के लिए इंदौर की घटनाओं का उल्लेख किया। डिजिटल की दुनिया में इंटरनेट का उपयोग कैसे करें, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्म कैसे यूज करें। इन जानकारियों के साथ विशेषकर बच्चियों के लिए चलाए जा रहे इंदौर पुलिस के सृजन विद्यालय के बारे में बताया। क्षत्रिय राजपूत कलमकार संघ सतत नशा मुक्त अभियान चला रहा है। विद्यालय के 900 विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने नशा न करने की शपथ ली। डायरेक्टर विपिन तिवारी ने पुलिस के अभियान की सराहना की।




# हर-हर महादेव के जयकारों से शिवमय हुआ बाणगंगा क्षेत्र

## श्री बाणेश्वर महादेव का भव्य चल समारोह निकला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्रावण मास के तृतीय सोमवार को बाणगंगा क्षेत्र से निकला श्री बाणेश्वर महादेव का भव्य चल समारोह हर हर महादेव के जयकारो से शिवमय हुआ बाणगंगा क्षेत्र चल समारोह में धार्मिक झांकिया आकर्षण का केंद्र रही।**

बाणगंगा क्षेत्र के अति प्राचीनतम् बाणेश्वर महादेव मंदिर से 26 वर्ष पहले क्षेत्र के विधायक श्री रामलाल यादव भल्लू भैया द्वारा स्थापित चल समारोह की परंपरा को 27 वे वर्ष भी जारी रखते हुए भगवान बाणेश्वर महादेव का विशाल चल समारोह मंदिर प्रांगण से निकाला गया। चल समारोह के प्रभारी दीपू यादव ने बताया की चल समारोह के पूर्व प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर गर्भगृह में विद्वान पंडितो द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक पूजा संपन्न करायी गयी। भगवान की संगीतमय आरती दीपू यादव व पार्षद श्रीमती विनितिका यादव द्वारा करने के पश्चात् भगवान बाणेश्वर माहादेव के प्रतिस्वरूप को अपने सर पर रखकर मंदिर प्रांगण में बैण्ड बाजों के साथ घुमाया गया। भगवान को विभिन्न प्रकार के फूलो से सुसज्जित विशाल रजत रथ पर मंत्रोच्चारण के साथ विराजमान कराया, इस अवसर पर रथ पर विराजमान भगवान बाणेश्वर महादेव की आरती की गई।

# डाक्टर का मोबाइल छीनने वाले लुटेरे पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सदरबाजार पुलिस ने डाक्टर का मोबाइल लुटने वाले तीनों लुटेरों को गिर तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है। गिर त में आए बदमाशों ने अन्य थाना क्षेत्रों में भी वारदात करना कबूल किया है जिसके संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है।

एडिशनल डीसीपी जोन-1 आलोक शर्मा ने बताया कि 31 जुलाई को फरियादी डाक्टर भरत बाजपेई ने थाना सदर बाजार में उपस्थित होकर शिकायत करते हुए बताया था कि वह शाम को अपने घर पैदल जा रहे थे तभी 15 बटालियन चौराहे पर गुटकेश्वर महादेव मंदिर के पास तीन व्यक्ति अज्ञात मोटरसायकल से आए और उनका मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इस पर तत्काल पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। लुटेरों को पकडऩे के लिए थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने &00 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खगाले तो इस दौरान घटना के बाद तीनों आरोपी एक जगह सिगरेट पीते नजर आए। पुलिस ने उक्त फुटेज मुखबिरों को सरकुलेट किए और इशके बाद आरोपियों की पहचान आनंद भालसे निवासी नगीन नगर,गोलू वर्मा निवासी नगीन नगर और निखिल हार्डिया निवासी राजनगर के रूप में हुई। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों बदमाशों को गिर तार कर लिया। गिर त में आए बदमाश आदतन अपराधी हैं। उन पर विभिन्न थानों में कई प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी पूर्व में भी लूट की कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस अब इनसे अन्य घटनाओ के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## दहेज के लिए घर से निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महिला थाने में रीतू राठी निवासी एमवायएच रोड की रिपोर्ट पर प्रताप राठी, पीयूष राठी, अनुराधा निवासी गुमास्ता नगर के खिलाफ दहेज का केस दर्ज किया है। कम दहेज मिलने पर महिला को सताया जा रहा था। इसके अलावा यही पर रोशनी वर्मा की रिपोर्ट पर उमेश, राधाबाई,ओमप्रकाश निवासी सुखलिया के खिलाफ भी दहेज का केस दर्ज किया है। शादी के लिए उसे सताया जा रहा था और मारपीट की जा रही थी। पहले भी उसे समझाया था कि परिवार में बिखराव न करे लेकिन वो माना नहीं।

## कार सवारों ने किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बरसाती गड्ढे से कार निकालने पर कीचड़ उडऩे पर युवक ने कार चालक को टोका तो चालक और दो साथियों ने मिलकर उस पर प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपियों ने डंडे और धारदार सतूर से वार किए और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस के मुताबिक विवाद और हमले की घटना सिमरोल क्षेत्र में इमलीबाड़ी कजलीगढ रोड पर हुई। घायल का नाम आनंद पिता मूलचंद डाबी(22) निवासी ग्राम सिमरोल है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी निजाम,नई निवासी ग्राम सिमरोल और दिलीप पिता रूपसिंह निवासी नयागांव के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी निजाम अपनी कार को लेकर तेजी से चलाकर लाया और पानी भरे बरसाती गड्ढे में से गुजार दी। इससे गड्ढे का कीचड़ मेरे ऊपर उड़ गया। मैंने उसे रोका और बोला कि गाड़ी देख कर नहीं चला सकता। इसी बात पर आरोपी ने गाड़ी रोकी और डंडे लेकर उतरा और हमला कर दिया। इससे मुझे जांघ और पीठ पर चोटें आई। फिर वह गाड़ी में रखा सतूर निकाल कर लाया और मुझे मारने दौड़ा। मैंने विरोध किया तभी निजाम का भाई नईम और दोस्त दिलीप भी वहां पर आ गए। दोनों ने डंडों से पीटा जिससे मुझे गर्दन और पीठ में चोटें आई। हमले के बाद आरोपियों ने गालियां देकर कहाकि आज के बाद हमारे मैटर में टांग अड़ाई तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## कटाक्ष




# निजी बैंकों और फाइनेंस कंपनियों के टास्क फोर्स ग्रुप के साथ क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यशाला

## साइबर फ्रॉड के मामलों में जल्द जानकारी देने वाले बैंक कर्मचारियों को दिया जाएगा सर्टिफिकेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री राकेश गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/ मुख्यालय) मनोज श्रीवास्तव के निर्देशन में ऑनलाइन फ्रॉड की रोकथाम एवं आवेदकों के साथ हुए ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायतों में फ्रॉड राशि को तत्काल रिफंड कराने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश पर ऑनलाईन ठगी की रोकथाम हेतु इंदौर पुलिस व बैंक द्वारा बेहतर आपसी तालमेल व समन्वय के साथ नई तकनीकों का प्रयोग करते हुए कार्य करके, इन अपराधों पर नियत्रंण पाया जा सके इसी को ध्यान में रखते हुए, इंदौर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के सभी निजी बैंको और फाइनेंस कंपनियों के टास्क फोर्स सदस्य और क्राईम ब्रांच के अधिकारियों के लिये एक कार्यशाला आयोजन कल होटल अमर विलास पर किया गया। जिसमें क्राईम ब्राचं इंदौर के एडिशनल डीसीपी श्री राजेश दंडोतिया की उपस्थिति में शहर के विभिन्न प्रमुख निजी बैंको के नोडल अधिकारीगण एवं क्राईम ब्रांच इन्दौर की टीम उपस्थित रही।

उक्त कार्यशाला में वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते ऑनलाईन ट्रान्जेक्शन के कारण, सायबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली ऑनलाईन ठगी व धोखाधड़ी की वारदातों की रोकथाम एवं इनसे बचने के लिये ध्यान में रखने वाली आवश्यक बातों पर चर्चा की गयी। जिसमें एडिशनल डीसीपी (क्राईम ब्राचं) राजेश दंडोतिया इन्दौर ने कहा कि पुलिस व बैंक बेहतर आपसी समन्वय व तालमेल के साथ काम करके, इन अपराधों पर बेहतर तरीके से नियंत्रण पाया जा सकता है। साइबर फ्रॉड के मामलों में शिकायत मिलने पर क्राइम ब्रांच द्वारा उन खातों को फ्रीज और होल्ड कराया जाता है जिसमे ठगी का पैसा पीड़ित के खाते से ट्रांसफर किया गया है। ऐसे मामलों में बैंक से अपेक्षा है कि वह इन बैंक खातों की जानकारी जल्द से जल्द उपलब्ध करवाए ताकि पीड़ित को उसका पैसा न्यायालय के माध्यम से जल्दी मिल सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक समय सीमा बैंक तय करे। साइबर फ्रॉड में अब बड़ी राशि की भी ठगी हो रही है। ऐसे में बैंक की जल्दी की गई कारवाई काफी राहत दे सकती है। उन्होंने यह भी कहा की जिस बैंक द्वारा इन मामलों में हर माह अच्छा काम किया जाएगा उनके कर्मचारियों को एप्रिशिएशन सर्टिफिकेट भी क्राइम ब्रांच द्वारा दिया जाएगा जिससे उनका प्रोत्साहन बना रहे और पीड़ित की मदद हो सके।

## घर छोड़कर आई नाबालिग स्टेशन में मिली

### जीआरपी ने किया परिजनों के सुपुर्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रेवले स्टेशन पर लेटे हुए नाबालिग मिली। पुलिस ने उससे बात की तो बताया कि गुस्से में घर छोडक़र ट्रेन में बैठकर इंदौर आ गई। पर्स में पैसे भी लेकर आई है। उसके घरवालों को खबर की वो आकर उसे ले गए।**

जीआरपी टीआई संजय शुक्ला ने बताया कि सहायक थानेदार संतोष शर्मा और सिपाही दीपिका रेलवे स्टेशन पर घूम रहे थे। प्लेटफार्म एक पर बैंच पर बालिका लेटी हुई थी उससे बात की तो नाम सरिता देशराज केवट(16) निवासी जवाहर नगर पेट्रोल पंप के पास बालकुंड कोटा बताया। उसका कहना था कि किसी बात को लेकर घरवालों से झगड़ा हुआ तो मैं कोटा ट्रेन में बैठकर इंदौर आ गई। उसे थाने ले गए तो उसने बताया कि उसके पास 4& हजार 900 रूपए भी हैं। उससे पिता देशराज केवट का नंबर लिया और फोन कर सूचना दी। केवट के भाई भरत सिंह व अन्य परिजनों के साथ इंदौर आए पैसा समेत बालिका को उन्हें सौंप दिया।

## रात में घर आकर सोया, सुबह फंदे पर लटका मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमआईजी इलाके में रहने वाले एक युवक ने सुसाइड कर लिया। रात में वह घर आया और सो गया। सुबह परिवार के लोग जागे तो उसे फंदे पर लटके देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना की। शव को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय भेजा गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोहन पिता जगदीश यादव निवासी सोमनाथ की चाल ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह उसकी भाभी ने फंदे पर शव लटके देखा। इसके बाद रिश्तेदारों को सूचना दी। रिश्तेदार श्रीपाल ने बताया कि रात रोहन घर आया तब बड़े भाई के बच्चो को खिला रहा था। उसने खाना खाया और घर से चले गया। इसके बाद देर रात कब आकर वह सो गया। परिवार को जानकारी नही। सुबह घर की महिला उठी तो वह फंदे पर लटका मिला। रोहन के परिवार में बड़ा भाई और मां साथ रहते है। वही छोटा भाई परिवार के साथ अलग रहता है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# डॉक्टर ने घायलों को थप्पड़ मारे, जूते से पीटा

## शिवपुरी में लोगों ने थाना घेरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, (एजेंसी)। शिवपुरी में एक डॉक्टर ने तीन घायलों को थप्पड़ मारे और जूते से पीटा। डॉक्टर उट हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने से खफा था। रविवार को नाराज लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। वे डॉक्टर पर एफआईआर की मांग कर रहे थे। हंगामा बढ़ने के बाद खोड़ चौकी पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।**

मारपीट की ये घटना 31 जुलाई की रात की है। गुईया देवरी गांव के चंदन जाटव, गौरव जाटव और भानु प्रताप जाटव बाइक से जाते समय घायल हो गए थे। इस मामले में डॉक्टर ने तीनों घायलों पर अस्पताल में हंगामा कर मारपीट के आरोप लगाए हैं।

### घायलों ने की थी सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज

दरअसल, 31 जुलाई की रात में चंदन जाटव, गौरव जाटव और भानु प्रताप जाटव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसमें तीनों घायल 108 एम्बुलेंस की मदद से खोड़ गांव के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। आरोप हैं कि घायलों के उपचार के लिए प्रभारी डॉक्टर अनुराग तिवारी को कई बार बुलाने के बाद भी वो नहीं आए थे। जिसके बाद घायलों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा दी थी। जब डॉक्टर तिवारी को इस बात का पता लगा तो उन्होंने अस्पताल में पहुंचकर थप्पड़ मारे और जूते बरसा दिए।

### डॉक्टर ने कहा- तीनों शराब के नशे में थे

इस मामले में डॉक्टर अनुराग तिवारी का कहना हैं कि 31 जुलाई की रात तीन घायल अस्पताल पहुंचे थे। तीनों शराब के नशे में थे। तीनों का उपचार भी किया गया था। लेकिन तीनों जच्चा-बच्चा वार्ड में घुस कर पलंग पर लेट गए थे साथ ही हंगामा भी कर रहे थे। तीनों को जैसे ही वार्ड से बाहर निकाला तो तीनों ने इलाज के लिए इस्तेमाल करने वाली कैंचियों को उठाकर हमले का प्रयास किया था। वे जच्चा-बच्चा वार्ड में लेटने की जिद कर रहे थे। इसी दौरान यह घटना क्रम हो गया।

### डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज, विभागीय जांच भी होगी

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. संजय रिषेश्वर का कहना हैं कि मारपीट के वीडियो की जांच टीम द्वारा कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्वाई की जाएगी। भौंती थाना गीतेश शर्मा का कहना हैं कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर डॉक्टर के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया हैं।

# कांग्रेस के वॉर रूम में भरा पानी

## बेसमेंट में संचालित कॉल सेंटर बंद, हटाने पड़े कम्प्यूटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल ,(निप्र)। राजधानी में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बेसमेंट में पानी भर गया है। जलभराव के कारण बेसमेंट में बने वॉर रूम और कॉल सेंटर सहित तमाम विभागों और प्रकोष्ठों के अध्यक्षों और प्रभारियों के कमरों में पानी भर गया है। पानी भरने के चलते कॉल सेंटर में लगे कम्प्यूटर्स सहित तमाम उपकरणों को पानी और माइश्चर से बचाने के लिए टेबिलों पर रखा गया है।**

कमलनाथ ने कराया था बेसमेंट में ऑफिस तैयार-

कमलनाथ के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते पीसीसी के बेसमेंट में ऑफिस तैयार कराया गया था। पीसीसी के बेसमेंट में बड़ा हिस्सा हर बारिश के मौसम में पानी भरने के कारण इसका उपयोग नहीं हो पाता था। कमलनाथ ने तकनीकी विशेषज्ञों और सिविल इंजीनियर्स को बुलवाकर बरसाती पानी का समाधान कराया था। बरसाती पानी की निकासी का इंतजाम करने के बाद बेसमेंट में कांग्रेस ने यूथ कांग्रेस, एसटी, एससी कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस सहित तमाम विभागों के चेंबर यहां शिफ्ट किए थे। लोकसभा चुनाव के दौरान वॉर रूम और कॉल सेंटर की शुरूआत की गई थी।

### कक्ष में टपक रहा पानी

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की तीसरी मंजिल पर भी पदाधिकारियों के कक्षों में छत से पानी टपक रहा है। इससे फॉल सीलिंग और फर्श खराब हो रहे हैं। पीसीसी में जो रहे जलभराव और पानी के कारण हो रही दिक्कतों का समाधान करने के लिए एक्सपर्ट्स बुलाए जा रहे हैं।

# 90 लाख हड़पने वाली साध्वी की जमानत खारिज

## बैंक ने कोर्ट में पेश किए सबूत, रीना ने ही महंत कनकबिहारी के खाते से निकाले पैसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(एजेंसी)।** छिंदवाड़ा के कनकधाम आश्रम के महंत कनकबिहारी दास की मृत्यु के बाद उनके बैंक अकाउंट से 90 लाख रु. हड़पने की आरोपी साध्वी लक्ष्मीदास की अग्रिम जमानत खारिज हो गई है। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि खुद को साध्वी लक्ष्मीदास बताने वाली रीना रघुवंशी ने महंत के बैंक अकाउंट से 56 लाख रु. भोपाल के यस बैंक में अपने अकाउंट में ट्रांसफर किए, जबकि 34 लाख रु. नजदीकियों के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए हैं।

दरअसल, 12 जुलाई को कनकधाम आश्रम के पदाधिकारियों ने छिंदवाड़ा के चौरई थाने में साध्वी के खिलाफ पैसा हड़पने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

उससे पहले साध्वी ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। इसमें कहा था कि महंत कनकबिहारी दास ने उसे बैंक अकाउंट का नॉमिनी बनाया था। सुनवाई के दौरान बैंक की तरफ से कोर्ट में दस्तावेज पेश किए गए। इसमें खुलासा हुआ कि कनकबिहारी दास ने किसी को नॉमिनी नहीं बनाया था। कोर्ट ने इसी आधार पर जमानत याचिका खारिज की यानी महंत के अकाउंट से पैसा साध्वी ने ही निकाला है, ये बैंक दस्तावेज से साबित हो रहा है।

# ट्रक और कमांडर वाहन की भिड़ंत, 2 महिलाओं की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी,(एजेंसी)।** सिवनी जिले में शनिवार रात को ट्रक और कमांडर वाहन की भिड़ंत हो गई। हादसा बरघाट थाना क्षेत्र के धारना गांव के पास रात करीब 8 बजे हुआ जिसमें दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 7 महिलाएं घायल हो गई। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से जिला हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां महिलाओं की हालत स्थिर है। बरघाट थाना प्रभारी मोहनीस बेस ने बताया कि शनिवार को महिलाएं बेहरई गांव के पास खेत में धान का रोपा लगाने गई थी। वहां से रात को कमांडर वाहन में सवार होकर अपने घर वापस जा रही थी। इसी बीच धारना के पास ट्रक के साथ कमांडर की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में जीरन बाई पति बालचंद और केशर बाई पति हरिश्चन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई।

# बंदूक और फरसे से हमला, एक की मौत, दो घायल

## शिवपुरी में रास्ते को लेकर सिख समुदाय के दो पक्षों में विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी,(एजेंसी)। शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के चक्क घुटारी गांव में रास्ते को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में एक ग्रामीण को गोली लगी हैं। वहीं दो ग्रामीण इस झगड़े में गंभीर घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। जहां से गोली लगने से घायल हुए ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि झगड़ने वाले दोनों पक्ष सिख समुदाय से हैं और दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं।**

चक्क घुटारी गांव के रहने सुक्खा सिंह सरदार ने बताया कि आज, रविवार सुबह मेजर सिंह, सरवन सिंह, दारा सिंह खेत में धान लगाने का कार्य कर रहे हैं। इससे पहले पड़ोसी खेत मालिक ने रास्ते से निकलने को लेकर विवाद किया था। इसके कुछ देर बाद जगतार सिंह, अवतार सिंह, जिंदर सिंह, अंग्रेज सिंह, भोला सिंह और गुरवेल सिंह हाथ में बंदूक, फरसा और कुल्हाड़ी लेकर आए और अचानक से हमला कर दिया। इस हमले में सरवन सिंह के गोली लगी है। साथ ही दारा सिंह और मेजर सिंह को फरसे से हमला बोलकर कर दिया।

### रास्ते में तोड़ दिया था दम, फिर भी किया गया रेफर

बता दें कि तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां से गोली लगने से घायल हुए सरवन सिंह को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर से सरवन को मृत घोषित कर दिया।

# सिंधिया की पहल पर ग्वालियर में होगी इंवेस्टर समिट

## सिंधिया बोले- हमारी नींव बन चुकी, अब निवेशकों को बुलाने की जरूरत है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर से दिल्ली रवाना होने से पहले रविवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, मेरे निवेदन पर सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा 28 अगस्त को ग्वालियर में इंवेस्टर समिट की जा रही है। इसके लिए उनका शुक्रिया। यह समिट ग्वालियर के लिए जरूरी हैं। हमारी नींव बन चुकी है।ह्**

उन्होंने कहा, ह्यअब जरूरत है तो बस निवेशकों को ग्वालियर में बुलाने की, जिससे ग्वालियर में व्यापार प्रगति करे, यहां के लोगों का विकास हो। निवेशक आएंगे तो कंपनियां आएंगी और रोजगार आएगा। मेरे निवेदन पर विचार कर सीएम डॉ. यादव ने ग्वालियर में समिट करने का निर्णय लिया है, इसके लिए उनको मैं शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। ग्वालियर में दो दिवसीय प्रवास पर आए केंद्रीय मंत्री सिंधिया रविवार दोपहर फ्लाइट के जरिए दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। वैसे तो उनके रविवार को कई जगह जाने का कार्यक्रम था, लेकिन दिल्ली में किसी अर्जेंट बैठक के लिए उनको जाना पड़ा। रविवार सुबह केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने महल में ही कार्यकर्ताओं व उनसे मिलने के लिए आने वालों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने एयरपोर्ट रवाना होने से पहले मीडिया के सवालों का भी जवाब दिया।

# नर्मदापुरम में कुएं में गिरने से युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, (एजेंसी)।** नर्मदापुरम जिला मुख्यालय से 8 किमी दूर रायपुर गांव में कुएं में गिरने से 30 साल के युवक की मौत हो गई। परिजन ने कुएं में जहरीली गैस होने की आशंका जताई है। जिस कारण 40 फीट गहरे कुएं से युवक को रेस्क्यू करने में होमगार्ड टीम को 4 घंटे का वक्त लगा। रात 2 बजे उसे आंकड़े डालकर बाहर निकाला जा सका। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रविवार सुबह मृतक युवक जितेंद्र पिता सुरेश अहिरवार (30) के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम हुआ।

# शक्ति पथ पर बनेगा डमरू बजाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## सवारी में पालकी पर चंद्रमौलेश्वर तो रथ में सवार होंगे शिव तांडव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)।** श्री महाकालेश्वर की नगरी में डमरू वादन का रिकार्ड बनाने के लिए भगवान महाकाल की तीसरी सवारी निकलने के पहले शक्ति पथ पर करीब 1500 वादक डमरू बजाकर 10 मिनिट प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान विश्व रिकार्ड दर्ज करने वाले अधिकारी भी मौजूद रहेंगें। रिकार्ड कायम होने के बाद बाबा महाकाल की सवारी निकलने के पहले विश्व रिकार्ड का प्रमाण पत्र सौंपेंगे। इसके बाद बाबा महाकाल की तीसरी सवारी धूमधाम से शहर भ्रमण पर निकलेगी। बाबा महाकाल की नगरी में सोमवार को दोपहर 12 बजे भगवान शिव का प्रिय वाद्य यंत्र ढमरू की ध्वनी से श्री महाकाल महालोक का शक्ति पथ गूंजेगा। इस दौरान विश्व रिकार्ड दर्ज करने वाले अधिकारी भी यहां मौजूद रहेंगें। करीब 1500 ढमरू वादक बाबा महाकाल की भस्म आरती की थीम पर वादन करेंगे। रिकार्ड बनने के बाद शाम 4 बजे सभी डमरू वादक बाबा महाकाल की सवारी में शामिल होंगे। वहीं भगवान महाकाल की सवारी निकलने के पहले विश्व रिकार्ड प्रमाण पत्र सौंपेंगे।

## संपादकीय

# जनता की जान की चिंता नहीं

लगता है कि दिल्ली सहित समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हर जगह किसी न किसी रूप में जोखिम मौजूद है और उससे बचना लोगों के ऊपर ही छोड़ दिया गया है। बुधवार की शाम को हुई भारी बारिश के बाद दिल्ली और गुरुग्राम में छह लोगों की मौत करंट लगने से हो गई। बिजली के खंभों पर तार इस कदर बिखरे हुए थे कि मामूली गफलत की वजह से कोई भी उनके संपर्क में आ सकता था। कहीं घरों में पानी घुस जा रहा है और वहां भी जान जाने का खतरा बना रहता है। इन सबके लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी? देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में सरकार और स्थानीय प्रशासन बाकी जगहों के मुकाबले ज्यादा चौकस तरीके से कामकाज करते होंगे। नागरिक निकायों के अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों को लेकर अधिक सजग रहते होंगे। मगर पिछले कुछ समय से दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हुए हादसों और उसमें लोगों के मारे जाने की घटनाओं से ऐसा लगता है कि संबंधित महकमों को इस बात की फिक्र कतई नहीं है कि उनकी लापरवाही का खामियाजा किन्हें उठाना पड़ता है। इस लापरवाही को क्या कहें कि दिल्ली में गाजीपुर के एक निर्माणाधीन नाले को इस जोखिम के बावजूद खुला छोड़ दिया गया था कि बरसात ज्यादा होने और चारों तरफ पानी भर जाने के बाद यह पता चलना संभव नहीं रहा कि नाला कहां है और रास्ता कहां है। उसमें कोई भी गिर सकता था। हुआ भी यही कि किसी काम से बाहर निकली एक मां अपने ढाई वर्ष के बच्चे के साथ खुले नाले में गिर गई और उसमें डूब कर दोनों की मौत हो गई। ऐसे हादसे की आशंका पहले से थी, मगर दिल्ली विकास प्राधिकरण की ओर से उस जगह पर चेतावनी के संकेतक लगाना जरूरी नहीं समझा गया। करीब पंद्रह फुट गहरे उस गड्ढे के जोखिम का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसमें गिरने के बाद किसी के लिए भी जान बचाना मुश्किल था।

### अर्ज़ किया है..!

*उस की तस्वीर में ख़ूँ-रेज़ी*
*के सब चाव निकाल*
*ऐ मुसव्विर मिरी गर्दन पे*
*कई घाव निकाल*

-इशरत बरेल्वी

## OSHO कहिन

**आनंदित जीवन और अस्तित्व ही आपका ध्यान रखेगा।**



## सैर सपाटा

# 30 की उम्र से पहले घूम आएं भारत की ये 5 खूबसूरत जगह, ट्रिप हमेशा रहेगा याद

### 1) गोवा



गोवा का नाम सुनते ही हर किसी के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। पार्टी करने के लिए इसे सबसे अच्छी जगह माना जाता है। गोवा में पूरे साल पार्टी के माहौल के अलावा, आप पालोलेम में कयाकिंग कर सकते हैं या वागाटोर में बनाना राइड की सवारी कर सकते हैं। गोवा में आप पैराग्लाइड भी कर सकते हैं। भारत में घूमने के लिए ये अच्छी जगह है।

### 2) लद्दाख



अपने दोस्त के साथ बाइक से लद्दाख जाना एक बेहतरीन एक्सपीरियंस होता है। इस जगह को आप अपने दोस्त या पार्टनर के साथ 30 की उम्र से पहले एक्सप्लोर कर आएं। लद्दाख अपने कई खूबसूरत इलाकों और मंत्रमुग्ध कर देने वाले नजारों के लिए फेमस है।



### 3) श्रीनगर

जम्मू और कश्मीर भारत में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यहां डल झील में नाव पर एक रात बिताएं और सुबह इंदिरा गांधी ट्यूलिप गार्डन जाएं। इस जगह को धरती का कश्मीर कहा जाता है। इस जगह को भी जरूर एक्सप्लोर करें।

### 4) बीर बिलिंग



अगर आप बीर बिलिंग जाने की प्लानिंग बना रहे हैं तो पठानकोट से बैजनाथ तक टॉय ट्रेन की सवारी जरूर करें। ये जगह पैराग्लाइडिंग करने के लिए सबसे अच्छी मानी जाती है। घूमने के लिहाज से भी ये अच्छी जगह है।

### 5) धर्मशाला



हिमाचल प्रदेश में तिब्बत का एक छोटा सा टुकड़ा धर्मशाला है जो दलाई लामा का भी घर है। घूमने के शौकीनों के लिए धर्मशाला में बहुत कुछ है। आप यहां घूम सकते हैं, ट्रेक कर सकते हैं, कैंप कर सकते हैं और किराए की मोटरसाइकिल पर घूम सकते हैं। यह भारत में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

Bihar

# सावन के तीसरे सोमवार पर बिहार के हाजीपुर में बड़ा हादसा, हाईटेंशन तार की चपेट में आया डीजे, 8 कांवड़ियों की मौत

**हाजीपुर, (एजेंसी)** बिहार के हाजीपुर में जलाभिषेक करने जा रहे श्रद्धालुओं का वाहन हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे करंट लगने से आठ लोगों की मौत हो गई. इस घटना के लिए गांव वालों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया और जब एसडीएम और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया.

यह हादसा हाजीपुर इंडस्ट्रियल थाना इलाके के सुल्तानपुर में हुआ है. यहां सावन के महीने में गांव के लड़के हर सोमवार को पास के ही हरिहरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जाया करते थे. रविवार की रात को भी लड़के जलाभिषेक के लिए निकले थे. इन लड़कों ने यात्रा



के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली पर डीजे का भी इंतजाम किया था. इस गांव की सड़क ऊबड़-खाबड़ होने की वजह से ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क के ऊपर से ही गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई. करंट की वजह से ट्रॉली पर सवार लड़के झुलस गए तो कई अफरातफरी के दौरान करंट की चपेट में आ गए. इसकी वजह से घटनास्थल पर ही 8 लोगों की मौत हो गई.

इस हादसे की खबर होते ही बड़ी संख्या में पुलिसबल के साथ एसडीएम मौके पर पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने हंगामा किया और बवाल पर उतर आए. स्थानीय लोगों का आरोप था कि बिजली विभाग की लापरवाही हादसे की वजह बनी और हादसे के बाद लगातार सूचना देने के बाद भी बिजली विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया और ना ही समय पर बिजली काटी.

New Delhi

## पांच राज्यों में भारी बारिश का रेड अलर्ट, हिमाचल में दो और मौतें, श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग बहाल



**श्रीनगर/देहरादून/नई दिल्ली, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के कंगन क्षेत्र में रविवार को बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। कई वाहन मलबे में फंस गए। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पड़वबल के पास मलबा आने से बंद हो गया। इससे कश्मीर घाटी का लद्दाख से संपर्क टूट गया। हालांकि, देर शाम मलबा हटाकर इस सड़क से आवाजाही बहाल कर दी गई। वहीं, हिमाचल प्रदेश के तीन जिलों में बादल फटने से हुई तबाही में मृतकों की संख्या 13 हो गई है। मंडी के राजबन में दो और शव मिले हैं। गांदरबल जिले के एडीसी गुलजार अहमद ने बताया कि बादल फटने की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पानी के तेज बहाव के कारण मलबा आने से जिन लोगों के घर प्रभावित हुए हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। एसडीएम बिलाल मुख्तार ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को मौसम की पूरी जानकारी लेने के बाद ही आगे बढ़ने की सलाह दी है। खराब मौसम की वजह से कटड़ा में हेलिकॉप्टर सेवा भी बाधित रही। हिमाचल में पांच दिन पहले बादल फटने की घटना में लापता लोगों की संख्या दो और बढ़ गई है। श्रीखंड यात्रा के पहले पड़ाव सिंघगाड में ठहरे दो लोग भी लापता हैं। इस तरह तीन जिलों में छह जगहों पर बादल फटने की घटनाओं के बाद 45 लोग लापता हैं। इनमें रामपुर के समेज में 36, बागीपुल में पांच, मंडी के राजबन और कुल्लू जिले के श्रीखंड में दो-दो लोग लापता हैं।

Uttarakhand

## एक साल तक छात्रा से रेप, वीडियो भी बनाया, दोस्तों के सामने भी परोसा

**हल्द्वानी, (एजेंसी)** कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने चार लोगों पर छोटी बहन से दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो एवं वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता स्नातक की छात्रा है। डर के कारण वह करीब एक साल तक आरोपियों की ज्यादती का शिकार बनती रही। मामला सामने आने पर पुलिस ने चार युवकों और एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।पुलिस को दी तहरीर में युवती ने बताया कि उसकी छोटी बहन बुआ के घर रहकर स्नातक की पढ़ाई कर रही है। बताया कि अगस्त 2023 में छात्रा का परिचित नीरज आर्या उसे बातों में उलझाकर नवाबी रोड स्थित किराए के कमरे में ले गया, यहां उससे दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया। इसके बाद छात्रा से मारपीट कर यह वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। नीरज ने यह वीडियो अपने भाई चंदू आर्या और दोस्त भुवन आर्या को दिखाया। आरोप है कि वीडियो देखने के बाद वायरल करने की धमकी देकर चंदू, भुवन और उनके एक साथी रोशन ने भी छात्रा से अपनी परिचित महिला सीमा के घर ले जाकर दुष्कर्म किया। किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों की ज्यादतियों के बाद छात्रा ने बहन को बताया। बहन की तहरीर पर पुलिस ने

Uttarpradesh

## फैमिली के साथ रिसॉर्ट में पार्टी मनाने गए डॉक्टर की स्विमिंग पूल में डूबकर मौत, आईफोन को खोजते-खोजते दिखी लाश

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ के सरोजनीनगर में एक रिजॉर्ट के अंदर बने स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान डूबने से एक डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जानकारी के मुताबिक, मृतक तालकटोरा के राजाजीपुरम का रहने वाला है, जिसकी पहचान डॉक्टर प्रदीप तिवारी के रूप में हुई है जोकि घर पर ही क्लीनिक चलाता था. वो अपनी पत्नी मोनिका शुक्ला, तीन साल के बेटे और चार दोस्तों के साथ दारोगा खेड़ा के मुकुंद माधव रॉयल होटल



एंड रिसॉर्ट में पार्टी मनाने आया था. जिन दोस्तों के साथ मृतक पार्टी मनाने आया था, उनमें कुछ लोगों के साथ उसकी पत्नियां और बच्चे भी थे. जानकारी के मुताबिक, सभी लोगों ने पहले खाना खाया और फिर पार्टी की. उसके बाद सभी पुरुष स्विमिंग पूल में नहाने लगे. कुछ देर बाद नहाकर सभी अपने-अपने कमरे में चले गए, लेकिन प्रतीक नहीं पहुंचा. उसके नजर न आने पर प्रतीक की पत्नी मोनिका ने उसके साथियों से उसके बारे में पूछा, लेकिन किसी को कोई जानकारी नहीं थी. जिसके बाद सभी ने मिलकर प्रतीक की तलाश शुरू की,

खेल

# जोकोविच के नाम ओलंपिक गोल्ड के साथ गोल्डन स्लैम भी, ऐसा करने वाले केवल पांचवें खिलाड़ी

**पेरिस, (एजेंसी) दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष एकल स्पर्धा में कार्लोस अल्कारेज को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होंने स्पेन के खिलाड़ी को 7-6 (3), 7-6 (2) से हराकर अपने ओलंपिक करियर में पहली बार स्वर्ण जीता। इसी के साथ वह गोल्डन स्लैम पूरा करने वाले टेनिस के इतिहास में पांचवें खिलाड़ी बन गए।**

### क्या होता है गोल्डन स्लैम?

जब कोई खिलाड़ी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के साथ चार ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं (ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन) में भी जीतता है तब उसे गोल्डन स्लैम माना जाता है। जोकोविच के नाम भी गोल्डन स्लैम दर्ज हो गया। स्टेफी ग्राफ एक ही वर्ष (1988) में यह



उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। एकल और युगल दोनों में गोल्डन स्लैम हासिल करने वाली एकमात्र खिलाड़ी सेरेना विलियम्स हैं।

जीत के बाद भावुक हुए जोकोविच- जोकोविच ने इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। नोवाक जोकोविच 37 वर्ष की उम्र में 1988 के बाद से ओलंपिक टेनिस स्पर्धा में सबसे उम्रदराज स्वर्ण पदक विजेता बने। अल्कारेज के खिलाफ जीत के बाद जोकोविच कोर्ट पर ही गिर पड़े और उनकी आंखें नम हो गईं। मुकाबले के बाद वह अपने परिवार से मिले।

सिनेमा

## आर्यन खान के बाद पार्टी में पहुंचीं रूमर्ड गर्लफ्रेंड लारिसा, ब्लैक ड्रेस में फीकी कर दी सुहाना की चमक!



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बच्चे (आर्यन खान और सुहाना खान) रविवार की रात को मुंबई के एक आलीशान रेस्त्रां में पार्टी करने पहुंचे। आर्यन और सुहाना यहां अपने कुछ दोस्तों के साथ सेलिब्रेशन के लिए पहुंचे थे। लेकिन जो चीज चर्चा में रही वो थी इसी पार्टी में आर्यन खान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड लारिसा बोनसाई की इसी पार्टी में मौजूदगी। आर्यन खान के पहुंचने के बाद वह पार्टी में अलग से पहुंचीं। पिछले कुछ वक्त से आर्यन और सुहाना का नाम साथ जोड़कर देखा जाता रहा है। आर्यन खान और सुहाना ने पार्टी के लिए अंदर जाने से पहले कुछ पल ठहरकर पापाराजी को तस्वीरें खींचने का मौका दिया। लारिसा पार्टी में ब्लैक ड्रेस पहनकर दोनों के बाद पहुंचीं। मालूम हो कि पहले भी आर्यन और लारिसा एक कॉन्सर्ट में साथ मस्ती करते नजर आ चुके हैं। दोनों में से किसी ने भी अभी तक इस रिश्ते पर मुहर नहीं लगाई है। वर्क फ्रंट की बात करें तो आर्यन ने हाल ही में उस सीरीज की शूटिंग खत्म की है जिसके जरिए वो अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू करने जा रहे हैं। सीरीज का नाम स्टारडम होगा और इसमें बॉबी देओल और मोना सिंह एक साथ नजर आएंगे। फैन पेजों पर सामने आए एक वीडियो में शाहरुख खान और आर्यन खान को साथ में केक कटिंग करते देखा जा सकता है।

**Highlights**

1.

2. Kullu-Manali Highway which was washed away opens to 1-way traffic

3. Weather forecast: Widespread rainfall expected across India

4. Man with pro-Pak posters at home detained after locals confront him & record video

5. Congress-led UDF MLAs to give 1 month's salary for Wayanad victims

6. It hurts when India calls protests internal affair of B'desh: Yunus

# Stock market bleeds amid global cues: 4 reasons why Sensex, Nifty are falling

**NEW DEIHI, (Agency).** Benchmark indices Nifty and Sensex opened lower today (August 5) extending losses for the second session in a row amid weak global cues and US recession fears. The Sensex was down 1.57 percent at 79,707.96 and Nifty was down 378.00 points or 1.53 percent at 24,339.70. This follows the trend of global markets as US futures were deep in the red with Nasdaq futures down over 2 per cent. The Nasdaq entered correction territory as the index is off 10 per cent from all-time highs. In Asian markets, Nikkei and Topix dropped as much as 7 per cent.

Here are 4 reasons why Indian stock markets are falling today:

1. US recession fears

There are fears that the US economy could be entering a recessionary phase as an indicator known as the Sahm Recession Indicator flashed above the 0.5 mark, indicating possibility of a recession. This comes amid massive hiring slowdown in July in the US as the country added only 114,000 jobs compared to the 215,000 jobs monthly average of last year. In the US, unemployment has jumped to around 4.3 per cent the highest since October 2021.




2. Bank Of Japan policy change

Japan's Nikkei 225 fell as the Bank of Japan raised its benchmark interest rate pushing the value of Japanese yen higher against the US dollar.

3. Iran-Israel tensions

Tensions in the Middle East rose after Iran, Hamas and Hezbollah have vowed to retaliate against Israel's assassination of Hamas chief and Hezbollah's military chief. Escalation in the Middle East could push oil prices higher which are currently at 8-month lows as demand has fallen.

4. Tepid Quarter 1 results

The earnings growth for the quarter ended June has been weak, falling around two percent on-year. For the 30 Nifty 50 companies that have reported their earnings so far, there is a 0.7 percent YoY growth but a 9.4 per cent QoQ decline in net profits.

# Will Karan Adani become Adani Group chairman when Gautam Adani exits? 'It's likely'

**NEW DEIHI, (Agency).** Gautam Adani has mapped out a succession plan for his conglomerate as per which the 62-year-old will step down at 70 transferring control of his business empire to his sons and their cousins by "early 2030s". Talking to Bloomberg News, Gautam Adani said that he was very focused on a well-planned transition for the sustainability of the business. He said, "Succession is very, very important for business sustainability" owing to which



he preferred an organic, gradual, and systematic transition.

He said that Gautam Adani's sons- Karan Adani and Jeet Adani- along with cousins Pranav Adani and Sagar Adani, want to run the group as a united family even after he steps down. This aligns with the family's values and ensures continuity and stability for the Adani Group, he said.

But who could take over as Adani Group chairman when Gautam Adani exits?

Pranav Adani and Karan Adani "are the most obvious candidates to eventually take over as chairman. However, they say there are no plans for either to take charge," the report claimed.

Karan Adani is Gautam Adani's elder son and is currently overseeing businesses including cement, ports and logistics which are some of the group's most established units and have the most steadiest cash flows. In the interview, Karan Adani said that Adani Group's ports business is "looking to expand its network and is seen as an extension of India's strategic priorities developing ports in Vietnam, Israel and a US-funded port in Sri Lanka that seeks to unseat China's regional dominance."

# निजी अस्पताल की नर्स से दुष्कर्म

## देवास से नौकरी करने इंदौर आई, आरोपी ने शादी का झांसा देकर बनाए सबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवास से इंदौर नर्स की नौकरी करने आई एक युवती के साथ देवास के पास ही रहने वाले एक आरोपी ने शादी का झांसा देकर रेप किया। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर अब आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक 29 साल की युवती इंदौर के एक अस्पताल में नर्स की नौकरी करती है। उसकी शिकायत पर सचिन सेधंव निवासी देवास सतवास के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया गया। नर्स ने बताया कि विजयवाड़ा में सचिन की एमपी ऑनलाईन शॉप 2021 में जॉब के लिये फार्म भरने के लिये पहुंची थी। यहां सचिन से बातचीत हो गई। उसकी शॉप पर जाती तो वही अधिकतर बैठे हुए मिलता। इस दौरान एक दूसरे का मोबाइल नंबर ले लिया। उससे मोबाइल पर बात होने लगी। 2023 के अगस्त में इंदौर आना हूं। यहां डबल चौकी के पास एक निजी अस्पताल में नर्स की जॉब लग गई। आजाद नगर इलाके में ही घर ले लिया। सचिन भी यहां फोटो ग्राफी सीखने के लिये इंदौर आना जाना करने लगा। इसके चलते उससे पहचान हो गई। सचिन उसके रूम पर भी आता जाता था। सचिन सबसे पहले बातचीत के दौरान तीन ईमली इलाके के होटल सेलीब्रेशन में 30 सितबर 2023 को लेकर गया। यहां उसने सबंध बनाए ओर कहां कि वह उसे पंसद करता है ओर जल्द शादी करेगा। पीड़िता की दूसरे अस्पताल में जॉब लगी। लेकिन वह आजाद नगर इलाके का घर खाली नही किया।

पीड़िता के रूम पर भी आकर सचिन ने कई बार सबंध बनाए और शादी की बात कर चले जाता। पीड़िता ने बताया कि 11 जून को वह सचिन की विजयवाड़ा इलाके में एमपी ऑनलाईन शॉप पर पहुंची। यहां उसने कहां कि शादी करना है। इस पर सचिन नाराज हो गया। उसने कहां कि वह शादी नही कर सकता और धमकाकर कहां कि यहां अब मत आना। सचिन की हरकतों की वजह से नर्स डर गई। उसने परिवार को उसके साथ हुई घटना की जानकारी नही दी। पीड़िता कुछ दिनों से जॉब पर नही जा रही थी। इसके बाद उदास रहने लगी तो मां ने उससे कारण पूछा। तब सचिन सेंधव के बारे में जानकारी दी। परिवार रविवार को आजाद नगर थाने आया। यहां नर्स की शिकायत पर सचिन के खिलाफ कारवाई की।

### दुष्कर्म में ढाबा संचालक गिरफ्तार

एक पीडिता ने पीथमपुर के सेक्टर नंबर 1 थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई की ढाबा संचालक लगातार मुझे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा है। जब भी शादी की बात करते हैं तो आरोपी द्वारा झूठ बोलकर शारीरिक संबंध बनाता रहता था। पीडिता ने आरोप लगाया आरोपी द्वारा लगातार मारपीट की और बाल काटने का प्रयास भी किया। शनिवार को रात सेक्टर 1 थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी सुभाष दरबार ढाबा संचालक को गिरफ्तार किया।

## नवविवाहिता ने की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तुकोगंज इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। रात में खाने की बात पर पति से कहासुनी हुई थी। इसके बाद पत्नी कमरे में गुस्सा होकर गई और जानलेवा कदम उठा लिया। पुलिस पोस्टमार्टम के लिये मायके पक्ष के लोगो का इंतजार कर रही है।

तुकोगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना रुस्तम के बगीचे की है। यहां रहने वाली दीक्षा (27) पति नीरज पंवार ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने बताया कि दीक्षा की रात में नीरज को खाने की बात पर कहासुनी हुई। वह अपनी 3 साल की बेटी को छोडक़र गुस्से में रूम में चली गई और गेट लगा लिया। परिवार के लोगों ने गेट बजाया पर नहीं खोला। इसके बाद पति नीरज और अन्य लोगों ने गेट तोड़ा तो दीक्षा अंदर फंदे पर लटकी हुई थी।

परिवार के मुताबिक चार साल पहले ही नीरज और दीक्षा की शादी हुई थी। नीरज प्रॉपर्टी ब्रोकर है। दीक्षा का मायका ईसागढ़ में है। उसके मायके पक्ष के लोगों को रात में मौत को लेकर जानकारी दी गई। पुलिस के मुताबिक मायके पक्ष के लोगों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# मनचले ने छात्रा का पकड़ा हाथ, केस दर्ज

## घटना आजाद नगर थाना क्षेत्र की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आजाद नगर में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला समाने आया है। आरोपी ने एक दिन पहले छात्रा को अकेला देखकर पकड़ लिया। उससे अश्लील हरकत की। इसके बाद घर के बाहर आकर छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा ने परिवार के लोगों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाने आकर मामले में केस दर्ज कराया।

आजाद नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 17 साल की छात्रा की शिकायत पर गोल्डी यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि छात्रा 11वीं क्लास में निजी स्कूल में पढती है। गुरुवार को छुट्टी होने के चलते वह अपनी फ्रेंड के यहां थी। यहां दोनों चॉकलेट लेने एक किराना दुकान पर पहुंचे। दुकान से निकलने के बाद एक लडक़ा आया। उसने कहा कि मैं हर दिन स्कूल आते-जाते देखता हूं। तुम मुझे पसंद हो। इसके बाद छात्रा का हाथ पकड़ा और अपनी तरफ खींचा। छात्रा चिल्लाई तो भाग गया। आसपास के लोगों ने बताया कि इसका नाम गोल्डी है। इसके बाद पीड़िता घर पहुंची तो गोल्डी भी वहां पहुंचा और अश्लील इशारे करने लगा। यह देखकर दादी चिल्लाई तो गोल्डी भाग गया। इसके बाद पीड़िता के माता-पिता शाम को घर आए तो उन्हें पूरी जानकारी दी। थाने आकर गोल्डी के खिलाफ केस दर्ज कराया।

### मॉल में पर्स-घड़ी भूला, लेने गया तो बाउंसरों ने पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मल्हार मेगा मॉल स्थित एक पब में पर्स व घड़ी भूल आए युवक ने दोबारा एंट्री की तो बाउंसरों ने उसे पीट दिया। विजय नगर पुलिस के मुताबिक घटना मॉल में संचालित टीडीएस पब की है। पुलिस को युवक नीरज भदौरिया निवासी एलएन सिटी गांधी नगर ने बताया 2 अगस्त को पब में कंपनी की ओर से पार्टी थी। वह भी इसमें शामिल था, लेकिन पार्टी से बाहर निकला तो उसे याद आया कि उसका पर्स व घड़ी पब में ही रह गया। दोबारा पब में जाने लगा तो बाउंसरों ने पिटाई कर दी।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक